ट्रेड यूनियन पंजी. सं.-10293

राष्ट्र हित उघोग हित श्रमिक हित

# संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ,उ0प्र0

## Joint NHM Employee Union.P.

सम्बद्ध- भारतीय मजदूर संघ

संबद्धता सं.-उ0प्र0-281

अध्यक्ष
डा अनिल गुप्ता
मो०- 9415570717

संयोजिका
सुनैना अरोड़ा
मो०-9873095080

महामंत्री
योगेश उपाध्याय
मो०- 8400555544

पत्रांक : दिनांक – 02.09.2023

दिनांक 05 सितम्बर 2023 को प्रस्तावित राज्य जी आर सी के बैठक हैतू एजेंडा

1. बीमा - वर्ष 2108 से लंबित बीमा ( चिकित्सा, दुर्घटना ) यथाशीघ्र लागू किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किया जाए।
2. वेतनविसंगति -एक ही कार्यक्रम में अलग अलग पदों पर कार्यरत कर्मचारियों का वेतन अलग अलग जिसको समान किए जाने हेतु वर्ष 2016 से भारत सरकार द्वारा अतिरिक्त बजट आवंटित किया गया है मगर अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई अनुरोध है कि वेतनविसंगति जल्द से जल्द दूर की जाए।
3. स्थानांतरण- मिशन अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मी अपने गृह जनपद से लगभग 500 500 किलोमीटर दूर तैनात है संविदा पर तैनाती होने के नाते परिवार से दूर जीवन यापन करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है जिसमे अधिकांश महिलाए है अनुरोध है कि वर्ष 2017 की भांति रिक्त पद के सापेक्ष स्थायी स्थानांतरण नीति बना कर NHM कार्मिको को इसका लाभ प्रदान किया जाए।
4. वार्षिक वेतन वृद्धि- मिशन अंतर्गत कार्यरत कार्मिको का वार्षिक वेतन वृद्धि 5% मात्र है जो कि वर्तमान में बढ़ रही मँहगाई के अनुरुप नही है 23.05.2022 को हुई बैठक में संगठन को आश्वस्त किया गया था कि वार्षिक वेतन वृद्धि 10% हेतु भारत सरकार से अनुमोदन लिया जाएगा मगर इस पर कोई कार्यवाही नही हुई कृपया वर्तमानी में भेजी जा रही PIP में वार्षिक वेतन वृद्धि 10% का प्रस्ताव प्रेषित किया जाए।
5. लॉयालिटी बोनस - 3 तथा 5 वर्ष के से सेवा काल पूर्ण करने पर मिशन कार्मिको को 5 % तथा 10 % बोनस का लाभ दिया जाता है मगर मिशन में 15 वर्ष से क़धिक समय से कार्यरत कार्मिको वरिष्ठता का कोई लाभ नही मिलता दिनांक 23 मई 2022 को हुई बैठक में 7 एंव 10 वर्ष पूर्ण करने पर कार्मिको को बोनस दिए जाने हेतु भारत सरकार से अनुमोदन हेतु प्रस्ताव भेजने हेतु कहा गया था मगर कोई कार्यवाही पूर्ण नही हुआ अनुरोध है कि 7 एवं 10 वर्ष पूर्ण करने वाले कार्मिको को बोनस का लाभ प्रदान करने हेतु आवश्यक कार्यवाही किया जाए।

Add- 6 नवीन मार्केट, कैसरबाग, बी. एन रोड, लखनऊ, पिन कोड 226001
Email : jointnhmunion@gmail.com Ph- 8400555544,9415570717,9873095080

6. मंहगाई भत्ता- वर्तमान मे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत कार्मिको को वार्षिक वेतन वृद्धि मात्र 5% प्रदान किया जाता है जबकि हरियाणा राज्य में 5 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर तथा उत्तर प्रदेश के राज्य संविदा कार्मिको को 2012 में वित्त विभाग द्वारा जारी शासनादेश के अनुपालन में ग्रेड पे एंव मंहगाई भत्ता का लाभ दिया जाता है,राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत कार्मिको इसका लाभ दिए जाने हेतु वर्ष 2019 मे मिशन निदेशक महोदय के द्वारा शासन को पत्र अग्रेसित किया गया था जिस पर आगे कोई कार्यवाही नही हुई अनुरोध है शासन स्तर पर कार्यवाही हेतु आवश्यक कार्यवाही किया जाए।
7. मिशन अंतर्गत ब्लाक जनपद प्रदेश स्तर पर कम्प्यूटर ऑपरेटर ( HIMS एंव MCTS) सेवा प्रदाता एजेंसी के माध्यम से कार्यरत है जिसमें से ब्लाक स्तर पाए लगभग 30 से अधिक जनपदों में उन्हें स्वास्थ्य समिति के माध्यम से समायोजित कर दिया गया है अनुरोध शेष अन्य को भी स्वास्थ्य समिति से समायोजित करने हेतु आवश्यक कार्यवही किया जाए ।
8. कोरोना काल मे अस्थाई रुप से रखे गए कार्मिको को अन्य कार्यक्रम में समायोजित किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।
9. नियमित नियुक्तियों मे वरीयता - मिशन अंतर्गत वर्षो से कार्यरत कार्मिको को नियमित नियुक्तियों में वरीयता दिए जाने हेतु संगठन मांग करता रहा है वर्तमान में राजकीय चिकित्सालय हेतु प्रकाशित विज्ञापन में नर्सिंग संवर्ग ( ANM, GNM) को अधिकतम 15 एंव 5 वर्ष का आयु में छूट का प्राविधान है अनुरोध है कि समस्त मिशन मे कार्यरत समस्त संवर्गों को राजकीय चिकित्सालय तथा स्वशाषी ( PGI, KGMU, RMLIMS, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय) हेतु जारी विज्ञापन में मिशन अंतर्गत कार्यरत कार्मिको को 25 अंक की वरीयता एंव आयु मे छूट प्रदान किया जाए तथा CHO संवर्ग को नर्सिंग के नियुक्तियों मे वरियता का लाभ दिया जाए।
10. ई.पी.एफ- वर्तमान में 15000 तक वेतन पाने वाले कार्मिको को ईपीएफ का लाभ प्रदान किया जाता है उससे अधिक वेतन पा रहे कार्मिको को सामाजिक सुरक्षा के रुप मे कोई लाभ प्राप्त नही होता बिहार राज्य में कार्यरत समस्त NHM कार्मिको को इसका लाभ प्रदान किया जाता है अनुरोध है कि इसका लाभ उत्तर प्रदेश में कार्यरत कार्मिको को प्रदान किया जाए।
11. आवास आवंटन - मिशन अंतर्गत कार्मिको को ड्यूटी आकस्मिक कार्य मे भी रात्रि में लगाई जाती है जिससे कार्मिको को असुविधा का सामना करना पड़ता है अनुरोध है कि खाली पड़े आवासों को NHM संविदा कार्मिको को प्रदान किया जाए यदि आवश्यकता पड़े तो उनके वेतन से किराए की राशि ली जा सकती है।
12. प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत राज्य बजट से BPMU तथा आशा को प्रोत्साहन राशि का भुगतान किए जाने का प्राविधान है मगर वर्ष 2019 से राज्य बजट का भुगतान नही किया गया है अनुरोध है आवश्यक कार्यवाही कर भुगतान जल्द कराया जाए।
13. राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य केंद्रों पर कार्यरत कार्मिको को PBI तथा TBI का भुगतान दिए जाने के निर्देश है मगर दोनों निर्देशो में आपसी सामंजस्य न होने की वजह से जनपद स्तर समस्यायों का सामना करना पड़ रहा है जिससे भुगतान नही हो पा रहा है।



ट्रेड यूनियन पंजी. सं.-10293
राष्ट्र हित उधोग हित श्रमिक हित

14. मिशन अंतर्गत कार्यरत आयुष चिकित्सको हेतु आयुष दवा की उपलब्धता चिकित्सालयों में नही है अनुरोध है कि आवश्यक कार्यवाही किया जाए।
15. दंत शल्य चिकित्सक के पद पर कार्यरत चिकित्सको के सेवा समाप्ति के निर्देश राज्य स्तर से जारी हुआ है पूर्व में आयुष चिकित्सक भी इसी प्रकार निकाले गए जिसमे माननीय न्यायालय के निर्देशों के क्रम मिशन निदेशक महोदय द्वारा जारी आदेश वर्ष 2012 के क्रम में उन्हें अन्य कार्यक्रम में शामिल किया गया था अनुरोध है कि दन्त शल्य चिकित्सक को भी अन्य कार्यक्रम में शामिल किया जाए।
16. वार्षिक रिन्यूवल के नाम पर जनपदों में प्रतिवर्ष स्टाम्प पेपर लिया जाता है जिससे कार्मिको का शोषण का रास्ता खुलता है अनुरोध है कि विहार राज्य की भांति उत्तर प्रदेश में वार्षिक रिन्यूवल बंद किया जाए।
17. आजमगढ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिनांक 13 जनवरी 2023 को पी.सी.पी.एन.डी. टी अंतर्गत कार्यरत मण्डल स्तर पर डाटा सहायक एंव जनपद स्तर पर कम्प्यूटर आपरेटर का अनुबंध जिला स्वास्थ्य समिति से किए जाने हेतु मिशन निदेशक महोदया से अनुमति हेतु अनुरोध किया गया है मगर अभी तक उस पर कोई कार्यवाही नही गई है अनुरोध है कि उक्त पर उचित कार्यवाही करने की कृपा करें।
18. जनपद औरैया मे कोविड मे कार्यरत कार्मिको का नवंबर 2022 से मार्च 2023 का वेतन का भुगतान बजट के अभाव के कारण नही किया जा रहा है कृपया आवश्यक कार्यवाही किया जाए।
19. 17000 एंव STLS की प्रक्रियाधीन नियुक्ति जल्द पूर्ण कर आवेदको को तैनाती दिया जाए।
20. क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम मैं कार्यरत कार्मिको को वाहन हेतु दिया जाने वाला पेट्रोल हेतु राशि उनके वेतन में जोड़ कर भुगतान किया जाए ।
21. CHO संवर्ग देय प्रोतसाहन राशि बिहार राज्य की भांति उनके वेतन में जोड़ कर दिया जाए ।
22. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों के वेतन पुनर्निर्धारण ( Revise) वर्ष 2008 के बाद से नही किया गया है कृपया कार्मिको का मूल वेतन पुनः निर्धारित किया जाए ।
23. शेष अन्य बिंदु बैठक की अध्यक्षता कर रहे महोदय/ महोदया की अनुमति से।

भवदीय

yogesh

प्रदेश महामंत्री
योगेश उपाध्याय